प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-115
05/03/2018

अररिया में सड़क हादसे में छह लोगों की हुई मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 मार्च 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अररिया जिले के नरपतगंज के पचगछिया चौक फोर लेन पर हुये सड़क हादसे में छह लोगों की हुई मौत पर गहरी दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में सभी मृतक के परिवार को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल हुये लोगों के समुचित इलाज का निर्देश भी दिया है। मुख्यमंत्री ने घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

****